दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No. RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email- navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 61 | जयपुर, गुरुवार, 02 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री मोदी बोले- संघ की 100 वर्षों की यात्रा त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की मिसाल**

# संघ की प्राथमिकता हमेशा देश की प्राथमिकता रही है : प्रधानमंत्री

- संघ की प्राथमिकता हमेशा देश की प्राथमिकता रही है: प्रधानमंत्री मोदी
- विजयादशमी पर संघ की स्थापना को बताया राष्ट्र चेतना का पुनरुत्थान
- संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में संघ की आस्था का उल्लेख
- संघ को समर्पित विशेष डाक टिकट और 100 का सिक्का जारी
- 'राष्ट्राय स्वाहा' मंत्र के साथ भारत माता का चित्र अंकित सिक्का पहली बार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े संस्कृति मंत्रालय के कार्यक्रम में संघ की संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ की प्राथमिकता हमेशा देश की प्राथमिकता रही है। संघ अपनी यात्रा के दौरान हमेशा समय से जुड़ी समस्या से जूझा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को यहां के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र के प्रति संघ के योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए स्मारक डाक टिकट और 100 रुपये का सिक्का जारी किया।कार्यक्रम में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई गण्यमान्य मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, संघ की



समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थितप्रज्ञ रखा है और समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शताब्दी वर्षगांठ पर बुधवार को आयोजित विशेष समारोह को संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्षों की यात्रा को त्याग, निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण की अद्भुत मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है और इसी दिन 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, संघ की स्थापना कोई संयोग नहीं था बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के पुनरुत्थान का संगठित प्रयास था। यह राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार था। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देशवासियों को नवरात्रि और विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसे संघ के शताब्दी वर्ष जैसे महान अवसर का सा बनने का अवसर मिल रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत सरकार ने 100 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी किया।

## केंद्रीय कर्मचारियों का डीए तीन प्रतिशत बढ़ा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) को 3 प्रतिशत बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2025 से लागू होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए



महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि के कारण सरकार पर कुल वार्षिक व्यय 10,083.96 करोड़ रुपये आएगा। इस निर्णय से लगभग 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे।

## कैबिनेट ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को दी मंजूरी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। सैफफ्लावर (कुसुम) के लिए प्रति क्विंटल 600 रुपए की बढ़ोतरी के साथ सबसे अधिक एमएसपी की घोषणा की गई है, इसके बाद मसूर के लिए प्रति क्विंटल 300 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। पसीड और सरसों के लिए प्रति क्विंटल 250 रुपए, चना के लिए प्रति क्विंटल 225 रुपए।

## रबी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केन्द्र सरकार ने किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2026-27 के लिए रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि कुसुम (600 रुपये प्रति क्विंटल) और मसूर (300 रुपये प्रति क्विंटल) में की गई है। रेपसीड और सरसों, चना, जौ और गेहूं के लिए क्रमशः 250, 225, 170 और 160 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विपणन सत्र 2026-27 के लिए अनिवार्य रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 में अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने की घोषणा के अनुरूप है। अखिल भारतीय भारित




औसत उत्पादन लागत पर अपेक्षित मार्जिन गेहूं के लिए 109 प्रतिशत है। इसके बाद रेपसीड और सरसों के लिए 93 प्रतिशत; मसूर के लिए 89 प्रतिशत; चना के लिए 59 प्रतिशत; जौ के लिए 58 प्रतिशत; और कुसुम के लिए 50 प्रतिशत है। रबी फसलों के एमएसपी में यह वृद्धि किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करेगी और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करेगी। सरकार के मुताबिक गेहूं की एमएसपी 160 रुपये बढ़कर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

## बरसात से कटाई के बाद रखी फसल खराब होने पर मिल सकेगा बीमा क्लेम, 72 घण्टे में देनी होगी सूचना

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि राज्य में वर्तमान में हो रही बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि, चक्रवर्ती वर्षा एवं चक्रवात से कटाई के बाद 14 दिन तक की अवधि तक खेत में सुखाने के लिए रखी फसल खराब होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत नुकसान की भरपाई हो सकेगी, जिसके लिए प्रभावित बीमित फसल के काश्तकार को 72 घण्टे के भीतर खराबे की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 14447 पर देनी होगी। कृषि विभाग ने बीमा कम्पनियों को प्राप्त सभी इंटीमेशन का तत्काल सर्वे कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। विशाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत असामयिक वर्षा के कारण फसल कटाई उपरान्त खेत में सुखाने के लिए रखी फसल को 14 दिन की अवधि में नुकसान होने पर व्यक्तिगत आधार पर बीमा आवरण उपलब्ध है। असामयिक वर्षा से प्रभावित काश्तकारों के लिए बीमित फसल के नुकसान की सूचना 72 घण्टे के भीतर जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी को देना जरूरी है, ताकि नुकसान का आकलन कर बीमा क्लेम देने की कार्यवाही की जा सके। फसल में हुए नुकसान की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 14447 दी जा सकती है। इसके अलावा प्रभावित किसान जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी, नज़दीकी कृषि कार्यालय अथवा सम्बन्धित बैंक को भी हानि प्रपत्र भरकर सूचना दे सकते है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों एवं बीमा कम्पनियों को तत्काल फील्ड में पहुंचकर फसल खराबे का सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने महानवमी पर किया कन्या पूजन



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नवरात्र के महानवमी पर्व पर मुख्यमंत्री निवास पर देवी स्वरूपा कन्याओं का सपत्नीक पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देवी मां सिद्धिदात्री से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## संपादक की कलम से....

# सरकारी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि और महंगाई की मार झेल रहा प्राइवेट कर्मचारी?



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ केवल सरकारी मशीनरी नहीं है, बल्कि उससे कहीं बड़ा योगदान उस विशाल वर्ग का है जो निजी क्षेत्र में दिन-रात पसीना बहा रहा है। चाहे वह आईटी सेक्टर हो, बैंकिंग, रिटेल, शिक्षा, स्वास्थ्य या मैन्युफैक्चरिंग – हर जगह प्राइवेट कर्मचारियों की मेहनत से ही संस्थान और देश आगे बढ़ते हैं। लेकिन जब बात वेतनवृद्धि, महंगाई भत्ते और सामाजिक सुरक्षा की आती है, तो यह वर्ग सबसे पीछे छूट जाता है। सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के बढ़ते स्तर के साथ (महंगाई भत्ता) में नियमित वृद्धि का लाभ मिलता है। साथ ही, पेंशन, स्थायी नौकरी, स्वास्थ्य बीमा, हाउसिंग अलाउंस, छुट्टियाँ जैसी कई सुविधाएं उन्हें एक संरक्षित जीवन देती हैं। इसके अलावा, सातवें वेतन आयोग जैसे उपाय सरकारी वेतन को समय-समय पर महंगाई के अनुरूप समायोजित करते रहते हैं। सरकारी और निजी कर्मचारियों के वेतन और खर्चों के बीच की खाई इतनी गहरी हो गई है कि आम कर्मचारी न तो किसी सामाजिक आयोजन में ठीक से हिस्सा ले पाता है, न ही अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाता है।

महंगे इलाज के डर से बीमारियाँ छिपाई जाती हैं, और छुट्टियाँ लेना लग्ज़री बन चुका है। महंगाई दर तेजी से बढ़ रही है - पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस, दूध, दालें, सब्जियाँ और स्कूल फीस तक हर चीज महंगी हो चुकी है। लेकिन प्राइवेट कर्मचारी की सैलरी वर्षों से लगभग स्थिर बनी हुई है। महंगाई के साथ-साथ नौकरी की अनिश्चितता भी प्राइवेट कर्मचारियों के सिर पर तलवार की तरह लटकी रहती है। कंपनियाँ घाटा बताकर या 'परफॉर्मेंस' के नाम पर कभी भी नौकरी से निकाल सकती हैं। ऐसे माहौल में कर्मचारी मानसिक तनाव और आर्थिक दबाव का शिकार हो जाते हैं।सरकारी और निजी कर्मचारियों के वेतन और खर्चों के बीच की खाई को कम करने के लिए सरकार को प्राइवेट क्षेत्र के लिए न्यूनतम वेतन को महंगाई के अनुसार समय-समय पर संशोधित करना चाहिए।

प्राइवेट कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कंपनियों को एक निश्चित समय अंतराल पर कर्मचारियों की सैलरी में वृद्धि अनिवार्य करनी चाहिए। काम का समय निर्धारित हो और ओवरटाइम के लिए अतिरिक्त भुगतान किया जाए। देश तभी सशक्त बन सकता है जब उसके नागरिक – चाहे सरकारी हों या प्राइवेट – समान रूप से सुरक्षित और सशक्त महसूस करें। महंगाई से लड़ने की व्यवस्था सिर्फ एक वर्ग के लिए होना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि दीर्घकालिक रूप से अस्थिर भी है। एक सशक्त और सुरक्षित प्राइवेट कार्यबल न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि सामाजिक संतुलन भी बनाए रखेगा।

अब वक्त है, जब इस चुप्पी से लड़ते हुए वर्ग की आवाज़ को गंभीरता से सुना जाए। देश की अर्थव्यवस्था केवल सरकारी तंत्र से नहीं, बल्कि करोड़ों प्राइवेट कर्मचारियों की मेहनत से भी चलती है। यदि इस वर्ग को नजरअंदाज किया गया, तो इसका प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक असंतुलन भी बढ़ेगा।

समय आ गया है कि हम सरकारी और प्राइवेट कर्मचारियों के बीच की खाई को समझें और उसे पाटने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

---

**पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा, राजस्थान प्रभारी रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई कांग्रेसी नेता रहे मौजूद**

# लाठीचार्ज में घायल एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की एसएमएस अस्पताल पहुंच कांग्रेसी नेताओं ने पूछी कुशलक्षेम





■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज और गाड़ियों में तोड़फोड़ के मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भजनलाल सरकार पर हमलावर है। वहीं लाठीचार्ज में घायल एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की एसएमएस अस्पताल पहुंच कांग्रेसी नेताओं ने कुशलक्षेम पूछी। पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा, राजस्थान प्रभारी रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अस्पताल पहुंचे और घायल एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और विरोध में शामिल कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की। सभी ने आरोप लगाया है कि शिक्षा के मंदिर राजस्थान विश्वविद्यालय को आरएसएस द्वारा राजनीतिक अखाड़ा बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया, जिसमें कई गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं विपक्षी नेताओं ने इसे लेकर सरकार की आलोचना की है। अब राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मंगलवार राजस्थान विश्वविद्यालय में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पुलिस द्वारा की गई हिंसा में विश्वविद्यालय प्रशासन की गलती है। आखिर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में संघ को शस्त्र पूजन कार्यक्रम की अनुमति क्यों दी? विश्वविद्यालय प्रशासन और वाइस चांसलर आरएसएस के दबाव में काम कर रहे हैं। इस घटना के बाद एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। विश्वविद्यालय से आए वीडियो में पुलिसकर्मी स्वयं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गाड़ियों में तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### लेज़र पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड ने 1,200 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कोलकाता मुख्यालय वाली लेज़र पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड , जो पावर केबल्स, कंडक्टर और बिजली ट्रांसमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री के लिए विशेष उत्पाद और कंपोनेंट्स की एकीकृत निर्माता है, ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इसके जरिए कंपनी 1,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। डीआरएचपी के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 400 करोड़ रुपये तक का ऑफ़र फॉर सेल शामिल है। प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स में दीपक गोयल, राकी गोयल और देवेश गोयल क्रमशः 225 करोड़ रुपये, 50 करोड़ रुपये और 125 करोड़ रुपये तक के शेयर बेचेंगे। प्रमोटर्स में दीपक गोयल, देवेश गोयल, अक्षत गोयल और राकी गोयल शामिल हैं। लेज़र पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड ने नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग 600 करोड़ रुपये के कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पूर्व-भुगतान या पुनर्भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव रखा है और इसका एक हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए निर्धारित किया जाएगा।

### हेरिटेज निगमः हवा महल आमेर जोन ने 16 जर्जर भवनों पर की कार्रवाई, दो भवन के जर्जर हिस्से को किया ध्वस्त



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हेरिटेज निगम के हवा महल आमेर जोन इलाके में बुधवार को 16 जर्जर भवनों पर कार्रवाई की गई। इनमें दो भवनों के जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया गया है, इसके अलावा भवनों को खाली कर अस्थाई सीज किया है और शेष नौ भवन मालिक को 24 घंटे में मरम्मत कार्य कराने के लिए पाबंद किया गया है। जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने भवन मालिकों से भवन को खाली करा तुरंत मरम्मत करने के लिए शपथ पत्र लिया है। इसके लिए निगम की ओर से 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए भवन निर्माण शाखा के कर्मियों को लगाया गया है। इस संबंध में जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि बारिश के कारण जर्जर भवनों में कोई अनहोनी नहीं हो, इसके लिए आमेर, ब्रह्मपुरी, गंगापोल इलाके में कार्रवाई की गई है। जिन भवन मालिक को मरम्मत के लिए पाबंद किया है, उनके द्वारा कार्य नहीं होने पर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

### रामलीला महोत्सवः कुंभकरण-मेघनाथ का वध,दर्शकों ने लगाए जयकारे



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में हो रही रामलीला के बुधवार को विविध प्रसंगों का मंचन किया गया। दर्शक पूरी तल्लीनता से रामलीला का आनंद लेते नजर आए। मंचन के आरंभ में कुंभकरण वध का विराट दृश्य उपस्थित हुआ। रावण का भ्राता कुंभकरण जब युद्ध भूमि में आया तो उसका रूप देखकर सब आश्चर्यचकित रह गए। कुंभकर्ण गिरि समान तनु भारी चलत महा धरा कंप भरी...चौपाई के माध्यम रामलीला के निर्देशक ने दृश्य को जीवंत किया। श्री राम के बाणों से आहत होकर कुंभकरण धराशायी हुआ। दर्शकों ने धर्म की जय हो का उद्घोष लगाया।इसके साथ ही लक्ष्मण शक्ति का मार्मिक प्रसंग मंचित हुआ। जिसमें मेघनाद के प्रहार से लक्ष्मण मूर्छित होकर भूमि पर गिरे तो पूरा पंडाल करुणामय हो उठा। हनुमान जी के संकल्प और संजीवनी की खोज का संकेत पाकर दर्शकों की आंखें श्रद्धा से भर आई। अंत में मेघनाद वध का प्रसंग मंचित हुआ। रावण पुत्र इंद्रजीत का पराक्रम देखने योग्य था, किंतु धर्म की शक्ति के सामने अधर्म टिक न सका। लक्ष्मण ने उसके वध से धर्म की विजय का शंखनाद किया। दर्शकों ने तालियों और जयकारों से पूरे वातावरण को गुंजा दिया। रामायण पर आधारित स्वचालित झांकियां, स्वादिष्ट व्यंजनों की विविध स्टाल, झूले आकर्षण का केन्द्र रहे।

---

**रामलीला के मंचन के साथ होगा रावण दहन, उमडेगा जनसैलाब**

# गुप्त वृन्दावन धाम में विजयादशमी पर होगा महा आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व 'विजयादशमी' पूरे भारत में बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाएगा। वहीं जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में इस पर्व को विशेष तौर से मनाने की ख़ास तैयारी चल रही है। दो अक्टूबर (गुरुवार) को दशहरे के दिन गुप्त वृन्दावन धाम में रामलीला के मंचन के साथ रावण दहन होगा। जिसे देखने के लिए पूरे शहर से जनसैलाब उमडेगा। गुप्त वृन्दावन धाम में भक्तों के लिए दशहरे उत्सव का आयोजन होगा जिसमे सुबह से संध्या तक मंदिर मे विशेष कार्यक्रम होंगे। जिसे देखने के लिए पूरे शहर से जनसैलाब उमडेगा।

गुप्त वृन्दावन धाम में भक्तों के लिए दशहरे उत्सव का आयोजन होगा जिसमे सुबह से संध्या तक मंदिर मे विशेष कार्यक्रम होंगे। विजयादशमी पर श्री कृष्ण–बलराम का मनमोहक राम लक्ष्मण अलंकार होगा। साथ ही पूरे मंदिर प्रांगण को फूलों और रंग बिरंगी रौशनी से सजाया जाएगा। इस पावन पर्व पर 40 कलाकारों द्वारा रामलीला में 'भरत का विरह प्रेम' का मंचन किया जाएगा और रावण दहन होगा। भगवान के पालकी उत्सव में संकीर्तन पर भक्त भाव विभोर होकर नाचेंगे। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने कहा की इस दशहरे हम अपने अन्दर बुराई रुपी रावण को मारने का प्रण लें। विजयादशमी बुराई (अधर्म) पर अच्छाई (धर्म) की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया की दशहरे उत्सव पर मंदिर में नाम रामायण का पाठ होगा और महारती के साथ महोत्सव का समापन होगा।

---

# शहर की सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए फील्ड पर उतरी नगर निगम ग्रेटर की पूरी टीम

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



नगर निगम ग्रेटर की टीम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में टॉप 3 में आने के लिए लगातार एक्शन मोड में कार्य कर रही है। बुधवार को नगर निगम ग्रेटर की पूरी टीम फील्ड पर उतरी। सभी वार्ड ओआईसी ने आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी ओआईसी ने सफाई कर्मचारियों की हाज़िरी, मुख्य मार्गों पर कचरा पात्र की स्थिति, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का फीडबैक, सफाई कर्मचारी प्रोपर यूनिफॉर्म में है या नहीं, कचरा डिपो की स्थिति, अवैध हॉर्डिंग-बैनर-पोस्टर, सी एंड डी वेस्ट, सार्वजनिक शौचालय की स्थिति सहित 20 बिंदुओं पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त ने बुधवार को मालवीय नगर जोन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त ने बजाज नगर, जेएलएन मार्ग, टोंक रोड, ओटीएस चौराहा, पत्रिका गेट आदि का निरीक्षण किया। मुख्य मार्गों पर गंदगी पायी जाने पर नाराज़गी ज़ाहिर की तथा मौके पर ही सफाई करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने मुख्य मार्गों पर लगे हुए कचरा पात्रों की स्थिति को भी देखा। जहाँ कचरा पात्र टूटे हुए मिले, उन्हें बदलने एवं जहाँ कचरा पात्र कचरे से भरे हुए थे, उन्हें खाली करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखना हमारे लिए प्राथमिक कार्य है। तकनीक का उपयोग, प्रभावी मॉनिटरिंग, आमजन को समझाइश, धरातल पर सफाई, जन भागीदारी और जन जागरूकता से ही शहर स्वच्छ और सुंदर बन सकेगा। आयुक्त के निर्देश पर बुधवार को ग्रेटर क्षेत्राधिकार के 150 वार्डों में 150 वार्ड ओआईसी सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था को परखने फील्ड पर उतरे। मौके पर जाकर स्वच्छता के विभिन्न मानकों को जाँचा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का आमजन से फीडबैक लिया।

---

# स्वास्थ्य सेवा में बदलाव के पांच वर्ष का जश्नः दिल धड़कने दो अभियान के साथ जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कभी-कभी एक सेकंड की देरी ज़िंदगी और मौत के बीच की दूरी तय कर देती है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड (जेएचडब्लू) ने जयपुर से नई पहल दिल धड़कने दो की शुरुआत की है।विश्व हृदय दिवस के मौके पर, जेएचडब्लू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह नाथावत ने सीके बिड़ला अस्पताल के सहयोग से घोषणा की कि जयपुर को कोड रेड रेडी बनाया जाएगा। इस मुहिम का लक्ष्य है 1 लाख से अधिक कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और कार्डियक इमरजेंसी रिस्पांस की ट्रेनिंग देना, ताकि हर कार्यस्थल जीवन बचाने वाला केंद्र बन सके। नाथावत ने कहा, हृदय संबंधी आपात स्थितियाँ एम्बुलेंस का इंतज़ार नहीं करतीं। अगर आसपास खड़ा व्यक्ति प्रशिक्षित हो, तो एक धड़कन थमने से पहले वह किसी की ज़िंदगी वापस लौटा सकता है। जेएचडब्लू में हमारा विश्वास है कि हर जीवन अनमोल है।साल 2020 में स्थापित जेएचडब्लू इस साल अपनी पाँचवीं वर्षगांठ मना रहा है। संस्था ने पाँच सालों में डिजिटल ओपीडी हेल्थ कार्ड, वेलनेस फेस्टिवल और निवारक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के ज़रिए अस्पतालों, कॉर्पोरेट्स और आम जनता को जोड़ा है। नाथावत का कहना है कि यह सिर्फ़ विकास का नहीं बल्कि लोगों की ज़िंदगी में आए बदलाव का उत्सव है। जेएचडब्लू ने भविष्य की योजनाएं भी साझा कीं। फरवरी 2026 में होने वाला ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट (जीएचडब्लूएफ) इसका पाँचवाँ संस्करण होगा।

---

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर शतायु मतदाताओं को किया सम्मानित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शतायु (100 वर्ष व अधिक आयु) मतदाताओं को जिला स्तर, विधानसभा स्तर व पंचायत स्तर पर सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सिविल लाइन्स निवासी शतायु मतदाता श्याम लाल शर्मा को उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानपत्र, श्रीफल देकर, फूलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मेघराज मीणा, सिविल लाइन्स विधानसभा के निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी गौरव बॉकावत उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ''कोई मतदाता पीछे न छूटे'' की भावना को साकार करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

इसी क्रम में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 22 मतदाताओं का सम्मान बीएलओ द्वारा उनके घर जाकर किया गया।इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण पदाधिकारी सुमन चौधरी स्वयं मतदाताओं के घर पहुँचीं और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। चौधरी ने मतदाताओं को लोकतंत्र की सशक्तिकरण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए आगामी निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी प्रमोद चौधरी, सुपरवाइजर दिलीप राव एवं बीएलओ दलजीत कौर भी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी प्रमोद चौधरी, सुपरवाइजर दिलीप राव एवं बीएलओ दलजीत कौर भी उपस्थित रहीं।इसी प्रकार झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र पांच्यावाला बूथ 280 पर शतायु मतदाता रसाल कंवर को बीएलओ जितेंद्र भारद्वाज, सुपरवाईजर लक्ष्मण सिंह सांखला एवं मास्टर ट्रेनर मदन देव जेवारिया स्वयं उनके घर पहुँचे और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र बस्सी में शतायु मतदाता लक्ष्मी देवी को ईआरओ गरिमा शर्मा द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र चौमू में शतायु मतदाता मोहरी देवी को ईआरओ चौमू दिलीप सिंह द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

---

### जयपुर जेल में आकस्मिक तलाशी अभियान में फिर मिला मोबाइल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर सेंट्रल जेल में एक बार फिर से मोबाइल बरामद होने का मामला सामने आया है। जहां जेल प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे आकस्मिक तलाशी अभियान में वार्ड नंबर चार से मोबाइल और सिम कार्ड लावारिस हालात में मिले हैं। इस बरामदगी के बाद जेल प्रशासन की ओर से लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी प्रकाश राम ने बताया कि महिला प्रहरी संतरा गियाड़ ने थाने में मामला दर्ज करवाया गया है कि मंगलवार की दोपहर को केंद्रीय कारागार के वार्ड नंबर चार में आकस्मिक तलाशी अभियान चलाया गया। जहां तलाशी के दौरान वार्ड से मोबाइल और सिम बरामद हुए। पुलिस ने जेल प्रशासन की ओर से मोबाइल मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करवाया गया है।जहां तलाशी के दौरान वार्ड से मोबाइल और सिम बरामद हुए। पुलिस की ओर से यह जांच की जा रही है कि मोबाइल जेल तक कैसे पहुंचा और इसका उपयोग कौन कर रहा था।

---

# जीएसटी रिफार्म से व्यापारी और आदमी को लंबे समय तक मिलेगा फायदा : महापौर कुसुम यादव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय में बुधवार को जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला आयोजित की गई। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निगम चेयरमैन, जीएसटी विभाग और निगम अधिकारी और व्यापारी वर्ग शामिल हुए। इस दौरान सभी ने एक सुर में जीएसटी रिफॉर्म में टैक्स स्लैब में राहत देने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। महापौर कुसुम यादव ने जीएसटी रिफॉर्म लागू होने पर कहा कि ये आम आदमी और व्यापारी को राहत देने वाला है। इसका फायदा लंबे समय तक देशवासियों को मिलने वाला है। इस दौरान निगम अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, जीएसटी विभाग से उपायुक्त सुलक्षणा चारण, भीम सिंह, सहायक आयुक्त मधुलिका सांकृत्य, संतोष चौधरी भी मौजूद रही। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने सभी व्यापार मंडलों की ओर से केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इससे आम आदमी और व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को गति मिलेगी। त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक आएगी।

**'जीएसटी रिफॉर्म लागू होने से आवश्यक वस्तुएं पहले अधिक हुई सस्ती'** ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म सुधारों से आम जनता को रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा, सीमेंट, सरिया, टाइल्स और कुछ दवाओं सहित आवश्यक वस्तुएं पहले से कहीं अधिक सस्ती मिल रही हैं। वहीं, आवश्यक दवाओं पर भी अब शून्य शुल्क लागू होने से गरीब और मध्यम वर्ग को सीधी राहत मिल रही है।महापौर कुसुम यादव ने कहा कि आमजन के लिए उपयोगी वस्तुएं जैसे दूध और पनीर पर जीएसटी 5% से 0%, घी और मक्खन पर 12% से 5% और आइसक्रीम पर 18% से 5% कर कटौती के बाद इन उत्पादों की कीमत 5-7% कम हो गई है। इससे घरों की लागत घटेगी, त्योहारों के समय मांग बढ़ेगी और किसानों तथा स्वयं सेवी समूहों की आय मजबूत होगी।

**'आम आदमी को होगा आर्थिक लाभ -चेयरमैन पवन शर्मा नटराज'** इन सुधारों से उपभोक्ताओं की बचत बढ़ेगी, जिससे घरेलू उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। व्यापार और उद्योग को बढ़ावा- यह सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और उद्योगों को विस्तार करने में मदद करेगा।

**'भविष्य में भी टैक्स स्लैब में होगी कटौती - अजय यादव'** नेक्सजेन जीएसटी रिफॉर्म के जिला संयोजक अजय यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है कि जीएसटी सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और भविष्य में भी टैक्स दरों में कमी जारी रह सकती है, जिससे आम जनता को और भी राहत मिलेगी।

जीएसटी ने देश की कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कहा नए सुधारों से व्यापारियों, उद्यमियों और आम जनता को लंबे समय में लाभ मिलेगा। स्थानीय व्यापारियों को भी जीएसटी नियमों की जानकारी लेकर उसका सही लाभ उठाना चाहिए।

---

# साइबर ठग उच्च रिटर्न और डीपफेक कर रहे धोखाधड़ी


■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

वर्तमान समय में साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जहाँ अपराधी भोले-भाले नागरिकों को उच्च रिटर्न और कम समय में दोगुने लाभ का झांसा देकर उनकी मेहनत की कमाई ठग रहे हैं। पुलिस ने इन जालसाजों के नए तरीकों और उनसे बचने के उपायों के बारे में नागरिकों को सचेत किया है। उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को फंसाने के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप, टेलीग्राम चैनल और नकली वेबसाइटों का उपयोग कर रहे हैं। उनकी मुख्य चालें इस प्रकार हैं। उच्च रिटर्न का झांसा - कम समय में दोगुना या बहुत अधिक लाभ का वादा करना। नकली वेबसाइट–एप -असली कंपनियों जैसी दिखने वाली नकली साइट या एप बनाकर निवेश कराना। सोशल मीडिया प्रचार- व्हाट्सऐप या टेलीग्राम पर आकर्षक लिंक भेजकर लोगों को जोड़ना। डीपफेक–फर्जी वीडियो- किसी प्रसिद्ध व्यक्ति के नाम या चेहरे का गलत उपयोग करके फर्जी वीडियो बनाना। नकली तात्कालिक सूचना - अभी भुगतान न करने पर अवसर छूट जाएगा या खाता ब्लॉक हो जाएगा जैसी धमकियाँ देना। छोटी रकम से शुरुआत- पहले छोटा लाभ दिखाकर भरोसा जीतना और फिर अधिक पैसा निवेश करवाना। निरंतर संपर्क-कॉल और मैसेज के जरिए भरोसा जीतने की कोशिश

**'फर्जी एप—वेबसाइटों के संकेत'**यदि आप किसी निवेश प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं, तो इन संकेतों से तुरंत सतर्क हो जाएं। स्क्रीन पर लाभ या बैलेंस तेज़ी से बढ़ता दिखेगा, लेकिन जब आप उस राशि को निकालने की कोशिश करेंगे तो वह अटक जाएगा।रियल-टाइम ग्राफ और ट्रांजेक्शन सूची नकली होगी, जिसमें ट्रांजेक्शन आईडी नकली या दोहराए हुए हो सकते हैं। वेबसाइट पर कोई नियामक लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन की जानकारी नहीं होगी या संपर्क विवरण अस्पष्ट होंगे। अभी जमा करें बटन के साथ बार-बार प्रायोजित ऑफर और बोनस दिखाए जाएंगे।

# विजय दशमी पर मंदिर रामचंद्र जी चांदपोल बाजार में होगी हवाई आतिशबाजी के बीच आयुध पूजन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी चांदपोल बाजार जयपुर में विजय दशमी दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन किया जाएगा। जहां शाम को पूरे मंत्रों उच्चारण के साथ महंत परिवार द्वारा आयुध पूजे जाएंगे। जिसमें धनुष,बन,तलवार,खड्ग, कटार नख,भल्ला, गदा,बंदूक,फरसा इत्यादि होंगे। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि शहर में सिर्फ इस मंदिर में ही आयुध पूजे जाते है। रियासत काल से इस मंदिर में विजय दशमी के दिन शस्त्र पूजन किया जाता रहा है। शस्त्र रखने के लिए मंदिर में अलग से शस्त्र गार भी बना हुआ है। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि शहर में सिर्फ इस मंदिर में ही आयुध पूजे जाते है। रियासत काल से इस मंदिर में विजय दशमी के दिन शस्त्र पूजन किया जाता रहा है। शस्त्र रखने के लिए मंदिर में अलग से शस्त्र गार भी बना हुआ है। श्री ठाकुर जी के धारण करवाने वाले शास्त्रों में मुख्यतया 10 किलो चांदी से बना हुआ धनुष,खड्ग,कटार और फरसा होते है। तिवाड़ी ने बताया कि साल में सिर्फ विजय दशमी के दिन ही श्री ठाकुर जी का राजसी दरबार सजता है। जिसमें शस्त्र सजाए जाते है और ठाकुर जी को रजवाड़ी पोशाक धारण करवाई जाती है। वहीं शस्त्र खाने में 10 किलो वजन और 3 फीट लंबा धनुष है जो 1882 में माजी साहब श्री गुलाब कंवर ने भेंट किया था। 2 धारी खड्ग हे जो जिसका वजन करीब 8 किलो है चांदी की तलवार हे जो 5 किलो वजन की है जिसको नरेश माधो सिंह जी ने भेंट की थी। काठ की बंदूक जिस पर सूर्य चिन्ह बना हुआ है राजा भवानी सिंह जो ने भेंट की थी।

10 फिट के भाले,सिंह मुख गदा, लठ इत्यादि भी है जिन पर चांदी चढ़ी हुई है। ये सब वर्ष में दशहरे के दिन निकाले जाते है।इस अवसर पर मंदिर भक्त समाज द्वारा बधाई उत्सव मनाया जाएगा।

# विवाहिता ने की फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

वैशाली नगर थाना इलाके में एक विवाहिता द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची । जहां पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया । पुलिस ने मृतका के भाई के बयानों के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि सीकर जिले के धोद निवासी विनोद की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उसके भाई सचिन ने मामला दर्ज करवाया है कि जनवरी-2018 में विनोद की शादी धोद सीकर निवासी सुशील से हुई थी। उसके परिवार सुशील को आर्मी में पोस्टेड होना बताया था, लेकिन वह सिविल डिफेंस में लगा हुआ था। शादी के 6 महीने बाद ही दहेज की मांग को लेकर विनोद को परेशान कर मारपीट करना शुरू कर दिया। प्रताड़ित कर पीहर भेजने पर जमीन बेचकर लाखों रुपए दिए। आरोप है कि विनोद के दो बेटियां थी। बेटे की चाह में विनोद पर दबाव बनाता था। बेटा नहीं दे सकने पर दूसरी लड़की से शादी करने की धमकी देता था। कुछ महीनों बाद विनोद ने एक ओर बच्ची को जन्म दिया। नाराज होकर बच्ची के बीमार होने पर इलाज नहीं करवाने पर उसकी मौत हो गई। जुलाई-2025 में विनोद व दोनों बेटियों को लेकर सुशील खातीपुरा के भारतेन्दु नगर में आकर रहने लगा। पीहर में बातचीत करने पर विनोद के साथ मारपीट करता था। 19-20 सितम्बर को 30 हजार रुपए की लाने की कहकर विनोद को पीहर भेजा था। रुपए की व्यवस्था नहीं होने पर रविवार को वापस विनोद जयपुर लौट आई थी। पुलिस का कहना है कि 29 सितम्बर को सुबह सुशील अपने काम पर चला गया। दोनों बेटियां भी स्कूल चली गई थी। पीछे से घर के अंदर कमरे में विनोद ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर फंदे से शव उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। दोनों बेटियां भी स्कूल चली गई थी। पीछे से घर के अंदर कमरे में विनोद ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर फंदे से शव उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। मृतक के भाई सचिन का आरोप है उसकी विनोद ने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है।

# 'साइबर शील्ड' ऑपरेशन में उनीस ठग गिरफ्तार कर 1.16 करोड़ रुपए की रकम होल्ड करवाई

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



जयपुर शहर की (पश्चिम) जिले की नौ थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर उनीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनमें तीन आरोपी ऐसे हैं,जो महाराष्ट्र में भोले-भाले ग्रामीणों को पांच हजार रुपए का लालच देकर बैंक खातों के दस्तावेज लेते थे। जयपुर में साइबर अपराधियों को बेच देते। एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि करधनी, वैशाली नगर, कालवाड़, वैशाली नगर, बगरू, चौमू, मुरलीपुरा और भांकरोटा में नौ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस अभियान के दौरान उनीस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पांच अन्य आरोपियों को नामजद किया गया है और एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पूरे अभियान के दौरान बैंक खातों में साइबर ठगी के जरिए प्राप्त 1.16 करोड़ रुपए की रकम होल्ड करवाई गई है, जबकि 22.40 लाख रुपए की रकम परिवादियों को रिफंड करवाई गई है। इस अभियान के दौरान अब तक 153 मोबाइल बरामद किए गए हैं। जिनकी बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपए है। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड में काम में ली गई 114 सिम भी ब्लॉक करवाई गई है। उन्होंने बताया कि एनसीआरबी और डिजिटल स्रोतों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया गया है। आरोपियों के पास, मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, सिम कार्ड, चार्जर, कनेक्टर, पावर केबल जब्त की गई है। अब तक के अनुसंधान में करीब 50 करोड़ रुपए के फ्रॉड के साक्ष्य मिले हैं। इस कार्रवाई के दौरान 80 म्यूल अकाउंट भी फ्रीज करवाए गए हैं।

# ऑपरेशन मरुद्रग चला कर एटीएस ने कुख्यात तस्कर को पकडा



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस ) टीम ने ऑपरेशन मरुद्रग चला कर कुख्यात तस्कर शंकर विश्नोई निवासी जिला चौहटन जिला बाड़मेर को पकड़ा। आरोपित पर पर 25हजार रुपए की ईनाम था। आरोपित कई समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। एटीएस पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि कुख्यात तस्कर शंकर मादक द्रव्यों की तस्करी, शराब तस्करी, वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट, मारपीट जैसे अनेकों अपराधों में शामिल रहा है। शंकर लम्बे समय से हैदराबाद में फरारी काट रहा था और हाल ही में वापस बाड़मेर आकर गुप्त रूप से फिर से तस्करी के धंधे में लगा था। तस्कर शंकर के धंधे की डोर कई राज्यों से जुड़ी थी तथा वह कई तरह के अवैध धंधे में लिप्त था। जहाँ मादक द्रव्यों की तस्करी का काम मध्य प्रदेश और राजस्थान में फैला था तो वहीं अवैध शराब की तस्करी के धंधे के तार बिहार तक जुड़े हुए थे। शंकर अवैध शराब की तस्करी के मामले में बिहार में काफी दिनों तक जेल में भी रह चुका है। दबाव बढ़ने पर फरारी हेतु शंकर तेलंगाना के हैदराबाद में शरण लेकर रहा था। विकास कुमार ने बताया कि मादक द्रव्यों के तस्करों तथा बड़े माफियाओं के खिलाफ एनटीएफ और एटीएस का ऑपरेशन निरंतर जारी हैं। पिछले एक महीने में छह कुख्यात तस्करों को टीम के द्वारा पकड़ा जा चुका हैं।

# लूट व हत्या के प्रयास करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 सितम्बर को ज्वेलरी की दुकान में घुसकर लूट के लिए ज्वेलर को चाकू से जानलेवा हमला कर लूट का प्रयास करने के मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि लोगों के विरोध करने पर आरोपित बचने के लिए लूटी गई बीस किलों चांदी छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस की दबिश के दौरान छतों से कूदने पर आरोपियों की टांग टूट गई थीं। पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में घायल आरोपियों के इलाज के बाद छुट्टी मिलने पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि माणकचौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ज्वलेरी की दुकान में घुसकर लूट व हत्या के प्रयास करने के मामले में आरोपित मुईनुद्दीन (35) निवासी रामगंज बाजार, इकराम (41) निवासी नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर, अफसार उर्फ आधा किलो (30) निवासी नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर और अयाज (30) निवासी अमन कॉलोनी खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया है। वारदात का मास्टर माइंड अफसार उर्फ आधा किलो है, जो जयसिंहपुरा खोर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में वारदात में प्रयुक्त वाहन और दो चाकू बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने एक दिन पहले योजना कर रामगंज इलाके से चाकू खरीदना कबूल किया है। पुलिस फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) और मोबाइल टीम की मदद से सबूत जुटाकर फरार साथी बदमाश की तलाश कर रही है।

# झूठ बोलकर शादी कर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी लेकर भागी दुल्हन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कानोता थाना इलाके में झूठ बोलकर शादी कर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर दुल्हन के भागने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाने में पीड़ित ने दुल्हन सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि कानोता के रहने वाले 42 वर्षीय व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि नवंबर 2021 में उसकी शादी एक महिला से हुई थी। जहां महिला के माता–पिता ने उसके पहले पति की मौत होना बताया था। करीब दो साल बाद पता चला कि उसका पहला पति जिंदा है, जिससे उसका तलाक भी नहीं हुआ है।

# घर-घर कन्याओं की मनुहार...भोजन कराकर दिए उपहार, कन्या-बटुक पूजन के साथ शारदीय नवरात्र का समापन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर





आश्विन शुक्ल के शारदीय नवरात्रा का बुधवार को कन्या -बटुक पूजन के साथ समापन हुआ। अल सुबह से गृहणी कन्या भोजन बनाने में जुट गई। वहीं बुधवार को माता-रानी की जोत देखकर उन्हे हलवा, पूड़ी, खीर, काले चने का भोग अर्पित किया गया। जिसके पश्चात भैरू बाबा की उपासना कर उन्हें भी खीर ,हलवा, काले चने का भोग लगाया गया। जिसके बाद कन्या पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। नौ दिन तक माता रानी की पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं ने बुधवार को पूरे विधि-विधान से कन्याओं और बटुकों का पूजन किया। उन्हें भोजन, दक्षिणा और उपहार भेंट किए गए। सुबह से ही घर-घर में भक्ति और उल्लास का माहौल देखा गया। कन्याओं ने सुबह से दोपहर तक अलग-अलग घरों में थोड़ा-थोड़ा भोजन किया। कन्याओं को उनके घर से लेने के लिए लोग इंतजार करते रहे। कन्याओं के पैर धोकर आसन पर बैठाया। हलवा, खीर, चने, पूड़ी परोसी। भोजन ग्रहण करने के बाद तिलक कर दक्षिणा और उपहार प्रदान किए। परिवार के सभी सदस्यों ने कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व मां दुर्गा के नवम स्वरूप महागौरी का पूजन किया गया। ज्योत प्रज्वलित कर भोग लगाया गया। कलश के जल से पूरे घर में शांति अभिसिंचन किया गया।

**'देवी मंदिरों में हवन के बाद कराया कन्याओं को भोजन'** आश्विन के शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि को मां दुर्गा के मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। मातारानी के दर्शन कर नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाया। कनक घाटी आमेर रोड स्थित ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देव जी के मातहत मंदिर श्री देवी मनसा माता में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। हवन में आहुतियां अर्पित कर पूर्णाहुति दी गई। इस मौके पर हनुमान जी का भी पूजन किया गया। इसके बाद 251 कन्याओं को भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि विजयादशमी को नवरात्र उत्थापन होगा। आमेर स्थित प्राचीन शिला माता मंदिर में नवमी को सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के पट खुलने से पूर्व ही बड़ी संख्या में भक्त आमेर महल पहुंच गए। कई श्रद्धालु पदयात्रा कर मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी बनवारी लाल शर्मा के सान्निध्य में सुबह तांत्रिक पद्धति से पूजन किया गया। दुर्गापुरा स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में महंत महेन्द्र भट्टाचार्य के सान्निध्य में नवमी को विशेष श्रृंगार किया गया। ऋतु पुष्पों से सुसज्जित माता की प्रतिमा के समक्ष दुर्गा सप्तशती का पाठ और संगीतमय भजन-अर्चन हुआ। पुरानी बस्ती स्थित रुद्र घंटेश्वरी, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर, झालाना डूंगरी स्थित कालक्या माता मंदिर, राजा पार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर में भी नवमी तिथि को विशेष पूजन कर कन्या-बटुकों को भोजन कराया गया।

**'शक्तिपीठों में शारदीय नवरात्र की पूर्णाहुति'** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बुधवार को गायत्री परिजनों ने शारदीय नवरात्र के लघु अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केंद्र, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, कालवाड़, दुर्गापुरा, वैशाली नगर, जनता कॉलोनी सहित अन्य प्रज्ञा केंद्रों पर सामूहिक साधना की पूर्णाहुति की गई। पंच कुंडीय यज्ञ में गायत्री मंत्र से आहुतियां अर्पित की।गायत्री चेतना केंद्र दुर्गापुरा में सुशील कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा ने प्रज्ञा गीतों के साथ यज्ञ संपन्न करवाया।

**'दुर्गा पूजा पंडालों में हुई महानवमी पूजन'** वहीं नवरात्रि की महानवमी पर राजधानी जयपुर के विभिन्न इलाकों में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों में देर रात तक भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बनी पार्क, मालवीय नगर, सी-स्कीम, मुरलीपुरा सहित कई स्थानों पर बंगाली समाज की ओर से पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूजा समितियों के पदाधिकारियों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी श्रद्धा से पूजा में भाग लिया।

# दशहरा और आरएसएस बस्ती कार्यक्रम के दौरान शहर में रहेगा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त-अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सिंह

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राजधानी जयपुर में दो अक्टूबर को शहर में दशहरा पर्व मनाया जाएगा। वहीं इस मौके पर सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बस्ती कार्यक्रम भी होगा। जिसमें स्वयंसेवक बस्तियों में जाकर मीटिंग करेंगे और वहीं शाम को शहर में कई जगह रावण के पुतले का दहन होगा। इसे देखते हुए शहर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस की ओर से जयपुर के सभी जिलों में पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। वहीं सीसीटीवी कैमरों के जरिए अभय कमांड कंट्रोल सेंटर से भी निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही जेबतराशी और स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए सादा वर्दी में पुलिस के जवान निगरानी करेंगे। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ रामेश्वर सिंह ने बताया कि दो अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा।

इस दिन सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बस्ती कार्यक्रम है। स्वयंसेवक बस्तियों में मीटिंग करेंगे। इसके तहत सभी पुलिस उपायुक्त और थाना अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शाम को रावण दहन के कार्यक्रम होंगे। जयपुर शहर के सभी जिलों में करीब 500 कांस्टेबल-हेड कांस्टेबल का जाब्ता तैनात किया गया है। इसके अलावा 16 एडिशनल डीसीपी, 27 एसीपी, आरएसी की चार कंपनियां भी तैनात की गई हैं। पुलिस मुख्यालय से 150 होमगार्ड भी दशहरा पर्व के मौके पर मुहैया करवाए गए हैं। सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं ताकि लोग दशहरा पर्व उत्साह के साथ मना सकें।

साथ ही सीसीटीवी कैमरों के जरिए अभय कमांड कंट्रोल सेंटर से कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि कहीं भी कोई अवांछित गतिविधि नहीं हो। असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कहीं भी ऐसी घटना सामने आने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। सभी जिलों में सादा वस्त्रों में निगरानी के लिए डीएसटी और सीएसटी के जवान तैनात किए गए हैं। उनका फोकस इसी पर रहेगा कि किसी तरह की जेबतराशी, चैन स्नैचिंग जैसी वारदातें नहीं हो।

# आरएलडी की राष्ट्रीय सचिव सोनिका को राजस्थान महिला विंग का किया प्रभारी नियुक्त

■ अब राजस्थान में महिला विंग को मिलेगी गति

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदिरा कपिलवाई ने आदेश जारी करते हुए राष्ट्रीय सचिव सोनिका को राजस्थान महिला विंग का प्रभारी नियुक्त किया है। सोनिका लंबे समय से राष्ट्रीय संगठन में सक्रिय रहते हुए पार्टी के विस्तार में अहम योगदान देती रही हैं। संगठनात्मक अनुभव और मजबूत नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें अब राजस्थान प्रदेश में महिला विंग को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि सोनिका के मार्गदर्शन में राजस्थान में महिला मोर्चा और अधिक सशक्त व प्रभावी रूप से खड़ा होगा।

# आज होगा अहंकार का अंत : शहर भर के विभिन्न स्थानों पर जलाए जाएंगे रावण के पुतले

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



विजयादशमी पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। अहंकार का प्रतीक रावण के पुतले जगह-जगह जलाए जाएंगे। मुख्य रूप से आदर्शनगर, विद्याधर नगर, प्रताप नगर, वैशाली नगर, न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में रावण के पचास से सौ फीट के पुतले रंगीन आतिशबाजी के साथ धू धू जलेंगे। प्रताप नगर में गोकाष्ठ का रावण पहली बार जलेगा। आदर्श नगर के दशहरा मैदान में गुरुवार शाम 7:30 बजे 105 फीट ऊंचे रावण के साथ 90 फीट ऊंचे कुंभकरण के पुतले का दहन होगा। रावण दहन से पूर्व शानदार आतिशबाजी होगी। इस बार रावण दहन से पूर्व आतिशबाजी का विशेष आयोजन किया गया है। रंगीन आतिशबाजी में नियाग्रा फॉल जैसा नजारा होगा, मानो रंगीन झरने बह रहे हों। जैसे सावन-भादो में आसमान से बूंदें बरसती हैं, वैसे ही आतिशबाजी की छोटी-छोटी बूंदें आसमान से बरसेंगी। आकाश में स्टार वार जैसा दृश्य रोमांचित करेगा। चमकीली अशरफियां बरसेंगी, जमीन से सुनहरी अनार छूटेंगे और धूमकेतु जैसा नजारा दिखेगा। हवाई मछलियां चारों दिशाओं में तैरती नजर आएंगी, तो रंगीन ऑक्टोपस की आकृतियां बिखरेंगी। लंबे बांसों पर घूमती चकरियां आकर्षण का केंद्र होंगी। शोरगर जब लाल, हरी, नीली और पीली हवाइयां छोड़ेंगे तो आसमान रंगीन हो उठेगा। सितारों के समूह, फूलों के गुलदस्ते और रंग-बिरंगे दृश्य वातावरण को मंत्रमुग्ध करेंगे।

**'नाभि में बाण लगते ही रावण उगलेगा आग'** भगवान राम के स्वरूप जब रावण की नाभि में अग्नि-बाण छोड़ेंगे, तभी रावण दहन आरंभ होगा। इस दौरान रावण की आंखों से शोले, मुंह से आग के गोले निकलेंगे, नाभि और सिर पर अग्नि चक्र घूमेगा। रावण की तलवार और ढाल से सुनहरी चिंगारियां फूटेंगी। लाखों दर्शक इस ऐतिहासिक रावण दहन के साक्षी बनेंगे।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर बड़ी कार्रवाई, एमपी से तस्करी कर रहे ट्रक ड्राइवर को नसीराबाद में दबोचा

# 16 चक्का ट्रक से 96 लाख रुपये कीमत के डोडा चूरा और अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की विशेष टीम की सूचना पर नसीराबाद इलाके में पुलिस ने नाकाबंदी कर एक 16 चक्का ट्रक को जब्त किया। जिसमें 93.75 लाख रुपये कीमत का 625 किलो से अधिक डोडा चूरा और लगभग 3 लाख रुपये की 645 ग्राम अफीम बरामद की गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि नोखा निवासी ट्रक चालक आईदान राम लगातार मध्य प्रदेश से भारी मात्रा में डोडा चूरा की तस्करी कर रहा है।

जिसकी तकनीकी सहायता और खुफिया जानकारी के आधार पर पुष्टि हुई कि आरोपित तस्कर भारी खेप लेकर अजमेर के नसीराबाद इलाके में आने वाला है। सूचना की पुष्टि होते ही नसीराबाद थाना पुलिस को अलर्ट किया गया और तुरंत नाकाबंदी कराई गई। पुलिस ने ट्रक को रुकवाकर उसकी तलाशी ली।

ट्रक के अंदर 36 कट्टों में छिपाकर रखा गया 625 किलो 600 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ। इसके अलावा ट्रक ड्राइवर के पास से 645 ग्राम अफीम भी जब्त की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी तस्कर आईदान राम जाट (47) पुत्र गंगाराम निवासी नोखा बीकानेर को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त किए गए मादक पदार्थों की कुल कीमत बाजार में करीब 96 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस द्वारा अब इस अवैध कारोबार की फंडिंग, खरीद-फरोख्त और तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल महेश सोमरा और महावीर सिंह की विशेष भूमिका रही, वहीं एएसआई शंकर दयाल शर्मा का तकनीकी सहयोग रहा। इस टीम में शामिल एसआई प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल हेमन्त शर्मा और कांस्टेबल देवेन्द्र, जितेंद्र, गंगाराम, गोपाल धाभाई, विजय और चालक दिनेश शर्मा का भी सराहनीय सहयोग रहा। थाना नसीराबाद पुलिस के अलावा बीकानेर के नोखा में तैनात कांस्टेबल तेजाराम कि इस कार्रवाई में तकनीकी और विशेष भूमिका रही।

# 51 आसनों पर किए गए संगीतमय अखंड श्रीरामचरितमानस के पाठ



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रामनवमी के पर्व पर जयपुर के श्री राम सुंदरकांड मंडल,ढेहर का बालाजी की ओर से 51 आसनों पर संगीतमय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ शुरू हुए। सीकर रोड स्थित राधा गोविंद कॉलोनी मंदिर में लोगों ने बढ़-चढ़कर इस अनुष्ठान कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मंडल अध्यक्ष हेमंत सैनी ने बताया कि यह आयोजन पिछले 26 सालों से हर साल लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल की ओर से कन्या पूजन करके बटुक प्रसादी भी की गई। मंडल की व्यवस्थाओं में सदस्य सुरेश शर्मा, बद्रीनारायण शर्मा, विष्णु महरवाल, दीपक कुमावत, मोहनलाल सैनी, कमल कुमावत, दिनेश कानूनगो, ब्रजमोहन पारीक, सत्यनारायण गुप्ता, दयाशंकर विजयवर्गीय, प्रकाश शर्मा, प्रहलाद प्रजापत सहित कई गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। सैनी ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से हर शनिवार मंडल की ओर से निशुल्क सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है, जिसके लिए कोई भी भक्त मंडल से जुड़ सकता है। इसके लिए भाव केवल इतना है कि मंडल से जुड़ने वाले भक्त को हर शनिवार होने वाले सुंदरकांड पाठ में उपस्थित होना जरूरी है। इसके पीछे मंडल का उद्देश्य है कि लोगों को भक्ति मार्ग के जरिए सनातन परंपरा और भारतीय संस्कारों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## न्यूज़ ब्रीफ

### लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक का पदभार संभाला



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने 01 अक्टूबर, 2025 को लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह के स्थान पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। वे ऐसे समय में कार्यभार संभाल रहे हैं जब दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन, एनसीसी, 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में अपने कैडेटों की संख्या 20 लाख तक बढ़ा रहा है। एनसीसी एकता और अनुशासन के अपने आदर्श वाक्य के साथ चरित्र निर्माण और देशभक्ति पर अपने पारंपरिक फोकस के साथ नवाचार, डिजिटल कौशल और वैश्विक जागरूकता को एकीकृत करते हुए विकसित भारतञ्च2047 के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है।17 दिसंबर, 1988 को भारतीय सेना की 19 कुमाऊँ रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स अपने साथ 37 वर्षों का विशिष्ट अनुभव लेकर आए हैं।

### निर्मला सीतारमण 4 अक्टूबर को गांधीनगर से बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान - आपकी पूंजी, आपका अधिकार का शुभारंभ करेंगी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण के सहयोग से, वित्तीय क्षेत्र में बिना दावे वाली संपत्तियों के बारे में तीन महीने का राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान (अक्टूबर-दिसंबर 2025) शुरू करेगा। इस अभियान का शीर्षक आपकी पूंजी, आपका अधिकार होगा। इस अभियान का उद्घाटन केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण 4 अक्टूबर 2025 को गांधीनगर, गुजरात से करेंगी। बीमा पॉलिसी के दावे, बैंक जमा, लाभांश, शेयर और म्यूचुअल फंड की आय सहित बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियां अक्सर जागरूकता की कमी या पुराने खाता विवरण के कारण बिना दावे के ही रह जाती हैं। इस अभियान के दौरान नागरिकों को अपनी बिना दावे वाली संपत्तियों का पता लगाने, रिकॉर्ड अपडेट करने और दावा प्रक्रिया पूरी करने के बारे में तत्काल मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए डिजिटल उपकरण और इसके चरण-दर-चरण प्रदर्शन भी दिखाए जाएंगे। भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों द्वारा बचाए गए प्रत्येक रुपये का दावा वे स्वयं या उनके कानूनी उत्तराधिकारी और नामांकित व्यक्ति कर सकें। यह अभियान लोगों को इसमें प्रमुखता से भाग लेने, जागरूकता फैलाने और हर घर में वित्तीय समावेशन को मज़बूत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह नागरिकों को उनके सही धन का पता लगाने और दावा करने के तरीके के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करेगा।

### जीएसटी बचत उत्सवः प्रधानमंत्री मोदी की जीएसटी सुधार की पहल से आमजन को मिल रही राहत

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 22 सितंबर से 29 सितंबर तक जीएसटी बचत उत्सव मनाया गया। इस बचत उत्सव के दौरान प्रदेशभर में आमजन और व्यापारियों को जीएसटी रिफॉर्म्स की जानकारी देते हुए इसके फायदों के बारे में अवगत करवाया गया। इस उत्सव के अंतर्गत आयोजित जीएसटी सुधार एवं दर युक्तिकरण जन जागरूकता अभियान में प्रदेशवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। मुख्यमंत्री शर्मा ने जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र और भीलवाड़ा के सदरबाजार में जाकर व्यापारियों और आमजन को जीएसटी सुधार के संबंध में जागरूक किया। बचत उत्सव के अंतर्गत प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि, जिला कलेक्टर एवं वाणिज्यिक कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

**यह केवल एक लेखा संगठन नहीं हैः यह एक ऐसा सशक्त साधक है जो राष्ट्र के आर्थिक चक्र की सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करता है**

# ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के लिए एक निर्णायक विजय को दर्शाया, जिसमें रक्षा लेखा विभाग ने वित्तीय मजबूती, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और परिचालन तत्परता को बनाए रखा : राजनाथ सिंह

- रक्षा बजट के संरक्षक के रूप में रक्षा लेखा विभाग की भूमिका हमारे सशस्त्र बलों की भविष्य की क्षमताओं के निर्माण हेतु अनुसंधान एवं विकास को सक्षम बनाने और प्रोत्साहित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैः रक्षा मंत्री
- डिजिटल सुधार प्रौद्योगिकी-संचालित दक्षता और पारदर्शिता के प्रति रक्षा लेखा विभाग के सक्रिय अभियान को उजागर करते हैं, जिससे भारत की डिजिटल रूप से सशक्त रक्षा वित्त प्रणाली को और बढ़ावा मिलेगा
- रक्षा मंत्री ने रक्षा लेखा विभाग से संयुक्तता एवं एकीकरण का वित्तीय साधक बनने का आग्रह किया; जमीनी स्तर से लेकर तीनों सेनाओं के मुख्यालयों तक इसकी उपस्थिति को भी रेखांकित किया







■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जहां पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के शौर्य और साहस को एक ऐतिहासिक और निर्णायक जीत हासिल करते हुए देखा, वहीं रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) की शांत लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका ने कुशल संसाधन उपयोग, वित्तीय प्रबंधन और युद्ध की तैयारी सुनिश्चित की, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 01 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित रक्षा लेखा विभाग के 278वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान इस बात पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभाग की ऐतिहासिक विरासत और भारत के सशस्त्र बलों की वित्तीय रीढ़ के रूप में इसकी निरंतर भूमिका की सराहना की। उन्होंने रक्षा लेखा विभाग को एक ऐसी संस्था बताया जो न केवल वित्तीय विवेक और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, बल्कि सेनाओं को संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करके परिचालन तत्परता को भी मजबूत करती है। रक्षा मंत्री ने रेखांकित किया, रक्षा लेखा विभाग केवल एक लेखा संगठन नहीं है; यह एक सशक्त साधन है जो राष्ट्र के आर्थिक चक्र की सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करता है। यह वह अदृश्य सेतु है जो वित्त और सशस्त्र बलों को जोड़ता है। हमारे सैनिकों के शौर्य के पीछे आपका मौन लेकिन निर्णायक योगदान है।

**मजबूत वित्तीय अनुशासन**

शासन की जीवन धारा के रूप में वित्त के महत्व को रेखांकित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र की शक्ति उसकी वित्तीय नींव की मजबूती में परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शासन और रक्षा मशीनी के सुचारू संचालन के लिए वित्त का स्थिर प्रवाह आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने विभाग की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उसने 30 सितंबर, 2025 तक पूंजीगत बजट व्यय का 50 प्रतिशत पहले ही बुक कर लिया है, जो कुशल उपयोग का स्पष्ट प्रतिबिंब है। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत उपयोग प्राप्त करने के लिए विभाग को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी यही गति जारी रहेगी।

**प्रौद्योगिकी-सक्षम सुधार**

रक्षा मंत्री ने डिजिटल इंडिया पहल के तहत आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए रक्षा विभाग की सराहना की। उन्होंने ई-रक्षा आवास परियोजना की सफलता, निधि 1.0 के निधि 2.0 में उन्नयन और ट्यूलिप 2.0 की ओर हो रहे बदलाव पर प्रकाश डाला, जिससे वित्तीय प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ेगी। राजनाथ सिंह ने नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए एआई चैटबॉट %ज्ञान साथी% के आंतरिक विकास की सराहना की। उन्होंने कहा, ये प्रगतिशील सुधार दक्षता और पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने में रक्षा लेखा विभाग की सक्रिय भावना को प्रदर्शित करते हैं। ये डिजिटल रूप से सशक्त रक्षा वित्त प्रणाली की ओर बढ़ने के भारत के दृढ़ संकल्प को भी रेखांकित करते हैं।

**अनुसंधान और विकास को सुगम बनाना**

आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित युद्ध की बढ़ती जटिलता को स्वीकार करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास को नए सिरे से बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया, आज के युद्ध में नई प्रौद्योगिकियां अक्सर आश्चर्यता तत्व रही हैं। ये वर्षों के अनुसंधान और विकास का परिणाम हैं। इसलिए, हमारे लिए एक ऐसा नवोन्मेषी इकोसिस्टम बनाना अनिवार्य है, जो रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दे। आई-डेक्स, प्रौद्योगिकी विकास कोष और डीआरडीओ परियोजनाओं जैसी सरकारी पहलों का हवाला देते हुए रक्षा विभाग से बजटीय अनुशासन बनाए रखते हुए अनुसंधान एवं विकास निवेश को सुगम बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, रक्षा बजट के संरक्षक के रूप में अनुसंधान एवं विकास को सक्षम और प्रोत्साहित करने में आपकी भूमिका हमारे सशस्त्र बलों की भविष्य की क्षमताओं के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**मुख्यमंत्री आज करेंगे सहकार सदस्यता अभियान का शुभारम्भ**


### गौतम कुमार दक ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में लिया तैयारियों का जायजा, 2 से 15 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलाया जाएगा अभियान





■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राज्य सरकार द्वारा 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले सहकार सदस्यता अभियान का शुभारम्भ गुरूवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित समारोह में करेंगे। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बुधवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का दौरा कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह अभियान राज्य में सहकारी सेक्टर को मजबूत करने के साथ ही सहकारिता का दायरा बढ़ाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगा।

अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना है। विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को सहकारी समितियों से जोड़ने पर अभियान में जोर रहेगा। इसके अतिरिक्त पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव और सदस्यता राशि प्राप्त करना तथा स्वीकृति जारी करना, प्रस्तावित नवीन सहकारी कानून के प्रावधानों की जानकारी आमजन और सहकारबंधुओं को देना, भूमिविहीन पैक्स में गोदामों के लिए भूमि आवंटन करवाना और पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लम्बित आवेदनों की ई-केवाईसी व आधार सीडिंग के कार्य भी अभियान में संपादित किये जाएंगे। दक ने बताया कि अभियान की पूर्व तैयारी अवधि (9 से 29 सितम्बर) के दौरान विभागीय प्रयासों से कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। ये उपलब्धियां अभियान को सफल बनाने की दिशा में उपयोगी साबित होंगी। उन्होंने बताया कि गुरूवार को आयोजित होने वाले शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कर कमलों से 2 पैक्स को पंजीयन प्रमाण-पत्र का वितरण, 2 भूमिविहीन पैक्स को भूमि आवंटन एवं सदस्यता आवेदन पत्र के लिंक का विमोचन भी किया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि अभियान की नियमित रूप से मॉनिटरिंग के लिए विभाग द्वारा राज्य स्तर से सभी जिलों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से पूरे मनोयोग से कार्य करने की अपील की साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।




स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )